**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–20 अगस्त 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की सफल अंतरिक्ष यात्रा पर लोकसभा में कल भी हुई विशेष चर्चा।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में लखनऊ में चिवनिंग–यूपी छात्रवृत्ति योजना के लिए हुआ समझौता। योजना के तहत हर वर्ष प्रदेश के पांच छात्रों को यूके में मास्टर डिग्री हासिल करने का मिलेगा मौका।
- श्रीराम मंदिर निर्माण के इतिहास को लेकर बनाई जाएगी डॉक्यूमेंट्री। और
- प्रदेश में गंगा, शारदा, घाघरा और रामगंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर। बचाव कार्य जारी।

**********

लखनऊ के रहने वाले अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला पर लोकसभा में कल भी विशेष चर्चा हुई। इस दौरान वर्ष दो हजार सैंतालिस तक विकसित भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की विशेष भूमिका पर जोर दिया गया। चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र पर भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री के रूप में देश की एक सौ चालीस करोड़ आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

***वो देश का आदमी है एक सौ चालीस करोड़ लोगों को उसने रिप्रेजेंट किया और वो भारत का प्रथम अंतरिक्ष यात्री बना पूरा विपक्ष जो है कंधे से कंधे मिलाकर माननीय प्रधानमंत्री जी के सपोर्ट करेगा उसको प्रेज करेगा और दुनिया को बताएगा की जहाँ तक सुरक्षा का सवाल है स्पेस का सवाल है विकास का सवाल है विकसित भारत बनाने का सवाल है उसमें पूरा देश एक।***

उधर, प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यमंत्री एवं पूर्व सदस्य विधान परिषद मोहसिन रज़ा ने कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर शुभांशु शुक्ला को विशेष सम्मान देने की मांग की है।

शुभांशु शुक्ला के 25 अगस्त को लखनऊ आने की संभावना हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार और द फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस यू.के. के बीच चिवनिंग–भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना के लिए समझौता हुआ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, शोध और नेतृत्व में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर देना है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि इस छात्रवृति योजना के तहत हर वर्ष प्रदेश के पांच छात्रों को यूके के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में एक वर्षीय मास्टर डिग्री हासिल करने का मौका मिलेगा।

***यह जो एमओयू है, तीन साल के लिए हुआ है। एक एक साल के लिए पांच पांच छात्र जाएंगे और वहां शिक्षा ग्रहण करेंगे। इसके अंतर्गत निर्धन छात्र और संसाधन विहीन छात्रों को विदेशों में जाकर पढ़ने का मौका मिलेगा। इसका आधा खर्च उत्तर प्रदेश सरकार उठाएगी और आधा खर्च एफसी डीओ यूके उठाएगा।***

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह पहल न सिर्फ विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की शिक्षा दिलाएगी, बल्कि उन्हें शोध और नवाचार के नए अवसरो से जोडेगी। श्री उपाध्याय ने बताया कि शैक्षणिक सत्र दो हजार पचीस–छब्बीस से यह योजना शुरू होगी और शुरूआती तीन वर्षो तक संचालित रहेगी। इसके बाद वर्ष दो हजार अट्ठाइस–उनतीस से इसे नवीनीकरण कर आगे बढ़ाया जाएगा।

**********

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे। एनडीए के सभी नेता इसमें शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी दलों सहित सभी राजनीतिक दलों से श्री राधाकृष्णन को सर्वसम्मति से चुनने की अपील की है। नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान श्री मोदी ने श्री राधाकृष्णन का एनडीए सांसदों से परिचय कराया।

इस बीच विपक्षी इंडिया गठबंधन ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। चुनाव अगले महीने की नौ तारीख को होगा।

**********

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया है कि दिसंबर दो हजार पचीस तक राम मंदिर निर्माण के सभी कार्य पूरे हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि अयोध्या राम मंदिर निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए हैं। श्री मिश्र ने बताया कि निर्माण स्थल पर लगाए गए पाँच टाइम–लैप्स कैमरों से रिकॉर्ड दृष्यों से मंदिर निर्माण के पिछले पांच वर्षों के इतिहास को लेकर एक डॉक्यूमेंट्री भी बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, रुड़की से करार किया गया है।

***मंदिर में पांच कैमरे लगाए गए हैं।जो भी निर्माण कार्य खुलता है मौके पर वो कैमरे में आ जाता है। तो ये एक बहुत बड़ी संपत्ति है। इसको कहते हैं इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट बन गयी। ये ट्रस्ट की इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट है। इस पूरी इंटेक प्रॉपर्टी राइट को एक शर्तनामे के साथ सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट उनको ये दे दिया जायेगा जिससे वो शिक्षण प्रशिक्षण के कार्य में भी इसका उपयोग करें और एक ऐतिहासिक डॉक्यूमेंट्री बनाने का प्रयास करें।***

**********

नेशनल बोर्ड ऑफ एजूकेशन इन मेडिकल साइंसेस–एनबीईएमएस ने कल नीट पीजी–2025 का रिजल्ट जारी कर दिया। परीक्षा का आयोजन तीन अगस्त को किया गया था। जिसमें लगभग दो लाख बयालिस हजार परिक्षार्थी शामिल हुए थे। नीट पीजी के जरिए स्नाकोत्तर पाठ्यक्रम में दाखिला मिलता है।

**********

राज्य में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग कल लखनऊ में एक कॉन्क्लेव का आयोजन करेगा। जिसमें पर्यटन क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों, फार्म स्टे और होम स्टे मालिकों, ग्रामीण एवं जिला समन्वयकों और गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कॉन्क्लेव के विभिन्न सत्रों में प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन की संभावनाओं, चुनौतियों और विभिन्न रणनीतियों पर विचार मंथन किया जायेगा।

**********

अमरोहा नगर पालिका परिषद ने अपना ऐप लॉन्च किया है। इस ऐप को परिषद ने शहर मित्र ऐप का नाम दिया है। अमरोहा नगर पालिका प्रदेश की पहली ऐसी नगर पालिका है जिसमें जनमानस की सुविधा के लिए खुद का ऐप बनाया है। उप नगर आयुक्त डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से नगर पालिका से जुड़ी समस्याओं का समाधान लोग घर बैठे ही पा सकते हैं।

***ये एप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इस प्ले स्टोर के माध्यम ऐसी जो आपका टैक्स है वो भी आप ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। हमने विभिन्न गेटवे भी उसमें निर्धारित किए है जैसे पेटीएम हो गया, गूगल पे हो गया। इसके माध्यम से आप भुगतान कर सकते हैं।***

**********

उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की ओर से लखनऊ में हो रहे तीन दिवसीय सेमिनार के दूसरे दिन कल साइबर विशेषज्ञों ने साइबर अपराध को रोकने पर मंथन किया। इस दौरान डार्क वेब के जरिये होने वाली अवैध गतिविधियों और क्रिप्टो करेंसी के अनियंत्रित उपयोग पर चर्चा की गयी।

**********

उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय आज से लखनऊ में ग्यारह दिवसीय पुरातत्व अभिरुचि पाठ्यक्रम शुरू करेगा। इसमें मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, नई दिल्ली से लोगों ने सहभागिता के लिए पंजीकरण कराया है। राज्य पुरातत्व निदेशक रेनू द्विवेदी ने बताया कि इस कार्यक्रम में अब तक पांच सौ पचास से अधिक लोग पंजीकरण करा चुके हैं ।

**********

रुक रुककर हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं। फर्रुखाबाद, बदायूं में गंगा, लखीमपुर खीरी में शारदा, बाराबंकी, अयोध्या, तुर्तीपार में घाघरा और शाहजहांपुर में रामगंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। शाहजहांपुर में रामगंगा के किनारे बसे कई गांवो के खेत पानी में डूब गए हैं। मथुरा के एस.पी. देहात सुरेश चन्द्र रावत ने बताया कि यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ राहत चौकियां सक्रिय कर दी गयी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के मंत्री अगल–अलग बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को दौरा कर स्थिति का जायजा लेने के साथ ही राहत बचाव कार्यो की भी निगरानी कर रहें हैं।

**********

प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व व नेशनल पार्क इस बार एक नवंबर से खोले जाएंगे अभी तक इन्हें बारिश के बाद पंद्रह नवंबर से खोला जाता था। इस संबंध में सभी टाइगर रिजर्व को निर्देश जारी कर दिए गये हैं। जल्द ही बुकिंग का सिलसिल शुरू भी हो जाएगा।

**********